Re : Rail connectivity to Darang District, Assam-laid

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** मेरे संसदीय क्षेत्र दरंग उदालगुड़ी, असम के अंतर्गत दरंग जिला अभी तक रेल मार्ग से नहीं जुड़ पाया है, जिसके कारण वहां के किसानों और आम जनता को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ।

निवेदन है कि इसी वित्तीय वर्ष 2024-25 के बजट में दरंग जिले को रेल मार्ग से जोड़ने हेतु राशि का आवंटन करके मेरे ग्रामीण क्षेत्र को रेल सुविधा प्रदान किया जाए । मैंने अपने पहले कार्यकाल में इस विषय को सदन के अन्दर कई बार गंभीरता के साथ उठाया था और माननीय रेल मंत्री जी के द्वारा मौखिक और लिखित रूप में इस विषय को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया था । मेरे द्वारा 9 फरवरी 2022 को उठाये गए एक अतारांकित प्रशन के जवाब में माननीय रेल मंत्री जी ने बताया था कि वर्ष 2020-21 में रंगिया से डेकरगाँव वाया बैजरा, दुमनीसौकी, सीपाझार, मंगलदोई, खारुपेटिया, दलगाँव और ओरंग तक लगभग 141 किमी. रेल लाइन के लिए सर्वे पूर्ण हो चुका है, लेकिन अभी तक इस महत्वपूर्ण विषय में कोई सुनुश्चित कदम नहीं उठाया गया है । अतः मेरी विनम्र प्रार्थना है कि आम जनता के हित को ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द उक्त रेल मार्ग को मंजूरी प्रदान की जाए ।